

नवभारत
भोपाल, शनिवार 24 जनवरी, 2026

# बैनर पोस्टर में नहीं है फोटो, कांग्रेस नेताओं में हुई जमकर तकरार

**खास बातें**

- सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर माल्यार्पण करने पहुंचे थे कांग्रेस नेता
- बायरल वीडियो का मामला

**नवभारत न्यूज**

**विदिशा 23 जनवरी, कांग्रेस शहर में जो बैनर पोस्टर लगाती है उसमें कई नेताओं के फोटो तो होते हैं और कई नेताओं के फोटो नहीं होते. इस बात को लेकर शुक्रवार को कलेक्टोरेट में कांग्रेस नेता और कांगेस नेत्री आपस में भिड़ गए. दोनों के बीच हो रही बातचीत को वीडियो बनाकर किसी ने बायरल कर दिया. जिसके बाद शहर में यह वीडियो खूब बायरल हुआ. इस वीडियो में पोस्टर में लगने वाले फोटो को लेकर तकरार होना बताया जा रहा है.**

नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जन्म जयंती के मौके पर करीब एक दर्जन कांगेसी कलेक्टोरेट में स्थित सुभाष चंद्र बॉस की प्रतिमा पर माल्यापर्ण करने पहुंचे थे जहां पर पुष्पांजलि अर्पित करने के बाद यह बातचीत हुई और वीडियो बायरल हो गया. वीडियो में सुना जा सकता है कि कांग्रेस प्रवक्ता अनुमा आचार्य कह रहीं है कि उनके ही शहर में लगने वाले कांगेस के पोस्टरों में उनका फोटो नहीं होता है जबकि रायसेन,बुधनी, खातेगांव,देवास, भोजपुर समेत अन्य जगह पर जो पोस्टर लगाए जाते हैं उनमे उनका फोटो होता है. इस पर कांग्रेस जिला अध्यक्ष मोहित रघुवंशी कहते हैं कि हमारी नेता सोनिया गांधी है उनका फोटा लगता है. जब से जीतू भाई आए हैं तब से किसी के फोटो नहीं लगाए जाते मैंने मेरा खुद का भी फोटा हटा दिया है. अब सिर्फ जीतू पटवारी और उमग सिंघार का फोटो ही लगाते हैं. इस अनुमा कहती हैं कि दादा का फोटा तो लगता है. इस पर मोहित रघुवंशी कहते हैं कि बताईए कौन से पोस्टर में दादा का फोटा लगा है. करीब 2 मिनिट 17 सेकेंड के इस वीडियो में करीब आधा दर्जन कांग्रेसी नजर आ रहे हैं.प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी भले ही जमीनी स्तर पर कांग्रेस को मजबूत करने के लिए जमकर मेहनत कर रहे हों लेकिन कांग्रेस में वर्षों पहले पनपी गुटबाजी खत्म होने का नाम नहीं ले रही है शुक्रवार को नेता जी सुभाष चंद बॉस के जयंती पर माल्यार्पण करने पहुंचे कांग्रेसी नेताओं के बीच सिर्फ इतनी सी बात पर तू तू मैं मैं हो गई कि जो बैनर पोस्टर लगाए जाते है उनमें कई नेताओं की फोटो नहीं होती है कलेक्ट्रेट में माल्यार्पण के बाद कांग्रेस जिला अध्यक्ष मोहित रघुवंशी के सामने प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता अनुमा आचार्ज ने एतराज जाहिर करते हुए कहा कि विदिशा में कांग्रेस द्वारा लगाए जाने वाले बैनरों में उनकी फोटो नहीं होती है. जो कार्यक्रम हो रहे है उसमें प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी और नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंगार की फोटो लगाई जाती है यह तक कि मैने खुद का फोटो तक हटा दिया है इसी बीच पूर्व संसद प्रताप भानु शर्मा के फोटो भी बैनर में लगे होने की बात अनुमा आचार्य ने कही.

**अभी भी नजर आता है बिखराव**

कांग्रेस नेता भले ही एकजुटता का दावा करते हों लेकिन उनकी एकता कई बार बिखरी नजर आती है.सरकारी के विरोध में होने वाले प्रदर्शन में कई बार बिखराव नजर आ जाता है. शुक्रवार को हुए कार्यक्रम में करीब एक दर्जन नेता ही नजर आए. जबकि कांग्रेस के किसी बड़े नेता का आगमन होता है तो बड़ी संख्या में कांग्रेसी नजर आ जाते हैं.बरहाल अभी तक प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी ने जो मेहनत कांग्रेस को मजबूत करने के लिए कि थी वह कोशिश अभी तक पूरी तरह से सफल होती नजर नहीं आ रही.

# किराना दुकान को चोरों ने बनाया निशाना

**किराना दुकान की दीवार तोड़कर की चोरी**

**नगदी सहित दुकान का सामान ले गये चोर**



**नवभारत न्यूज**

**सिरोंज 23 जनवरी, बीती रात पामाखेड़ी जोड़ रोहिलपुरा चौराहा के पास स्थित एक किराना की दुकान को अज्ञात चोरों ने निशाना बनाया. इस दौरान चोर दुकान के पीछे की दीवार तोड़कर दुकान में घुसे. इस दौरान चोर नगदी सहित दुकान का सामान ले गये. मामले की जानकारी मिलने पर पुलिस एवं एफएसएल टीम ने मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल की.**सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार बीती रात सिरोंज-आरोन मार्ग पर पामाखेड़ी जोड़ रोहिलपुरा चौराहा के पास स्थित राजकुमार साहू की किराना की दुकान में अज्ञात चोरों ने धावा बोला. इस दौरान चोर दुकान की दीवार तोड़कर घुसे. चोर दुकान में से नगदी एवं किराना व अन्य सामान चोरी कर ले गये. मामले की जानकारी मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल की. वही पुलिस की एफएसएल टीम ने भी मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल की. पुलिस ने शिकायत पर मामला दर्ज किया है. पुलिस मामले में जांच पड़ताल कर रही है.

## विद्यारंभ संस्कार में नन्हे शिशुओं को कराया अक्षर ज्ञान

**नवभारत न्यूज**

**सिरोंज,**शहर के मुख्य मार्गों से निकाली वेद यात्रा सिरोंज, सरस्वती शिशु मंदिर लिंक रोड सिरोंज में विद्यारंभ संस्कार का आयोजन किया गया. कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती जी के पूजन, दीप प्रज्जवलन एवं वैदिक मंत्रोच्चार के साथ हुआ. प्रात:काल विद्यालय परिसर से वेद यात्रा का आयोजन किया गया. इसमें शिक्षक, विद्यार्थी एवं विद्यालय स्टाफ शामिल हुए. वेद यात्रा में वैदिक घोष, मंत्रोच्चार एवं देशभक्ति के नारों के माध्यम से भारतीय संस्कृति, शिक्षा एवं संस्कारों का संदेश दिया गया. नगर के विभिन्न मार्गों से होती हुई यह वेद यात्रा पुन: विद्यालय परिसर में संपन्न हुई. वेद यात्रा के उपरांत विद्यारंभ संस्कार कार्यक्रम में नन्हे शिशुओं को विधिवत रूप से अक्षर ज्ञान कराया गया.

# एसजीएस कॉलेज में रोपे पौधे



**नवभारत न्यूज**

**गंजबासौदा,** संजय गांधी महाविद्यालय परिसर में पंचतत्व संरक्षण समिति के तत्वाधान में 5 पौधे सिंदूर, अशोक,करंज,कचनार ओर जामुन किस्मों के पौधों का पौधारोपण भारत सरकार में ग्रामीण किसान एवं विकास मंत्री शिवराज सिंह जी चौहान विधायक हरि सिंह रघुवंशी सांसद प्रतिनिधि देवेंद्र यादव पंचतत्व अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह दांगी प्रमोद सिंह राजपूत की उपस्थिति में किया गया. यह पौधारोपण उद्यान विभाग के सौजन्य से किया प्रमोद सिंह ने केंद्रीय मंत्री को समिति द्वारा पूर्व में लगाए 70 पौधों का अवलोकन भी कराया जो अब 10 फिट के बड़े हो गए. इस अवसर पर शिवराज जी ने पंचतत्व की सराहना की और कहा कि पौधों की देखरेख होना चाहिए, इस अवसर पर वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी आशीष आर्य उद्यान विभाग अधिकारी रविन्द्र निगवाल, महाविद्यालय प्राचार्य नरेंद्र ठाकुर पंचतत्व के विजय ठाकुर, प्रमोद सिंह, प्रवीण प्रताप सिंह, जगदीप सिंह, बंटी ठाकुर , भीम सिंह तोमर बसंत सिंह, किशोर सिसोदिया आदि उपस्थित थे.

## खाटू श्याम मंदिर में उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब

**नवभारत न्यूज**

**विदिशा,** बसंत पंचमी के पावन अवसर पर विदिशा स्थित खाटू श्याम मंदिर में श्रद्धा और भक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिला. शुक्रवार तड़के से ही श्रद्धालुओं की लंबी कतारें मंदिर परिसर में लगनी शुरू हो गईं.हजारों की संख्या में भक्तों ने खाटू श्याम बाबा के दर्शन कर परिवार की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की. बसंत पंचमी के अवसर पर मंदिर को आकर्षक फूलों और रंगीन सजावट से सजाया गया. सुबह विशेष पूजा-अर्चना के बाद बाबा को पीले वस्त्र धारण कराए गए, जो बसंत ऋतु का प्रतीक माने जाते हैं. पूरे दिन मंदिर परिसर जय श्री श्याम के जयकारों और भजनों से गूंजता रहा. भक्तों द्वारा खाटू श्याम के भजनों की मधुर प्रस्तुतियां दी गई जिन पर श्रद्धालु झूमते नजर आए. वातावरण पूरी तरह भक्तिमय हो गया. मंदिर समिति की ओर से श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए विशेष व्यवस्थाएं की गईं, वहीं पुलिस और स्वयंसेवकों ने व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग किया.श्रद्धालुओं ने बताया कि बसंत पंचमी पर खाटू श्याम बाबा के दर्शन करने से विशेष पुण्य की प्राप्ति होती है. देर शाम तक भक्तों का आना-जाना जारी रहा. आयोजन ने श्रद्धालुओं के मन में आस्था और भक्ति की भावना को और अधिक प्रबल किया.

## नेताजी की जयंती पर कांग्रेस ने प्रतिमा स्थल पर फैली गंदगी को साफ किया

**प्रतिमा पर माल्यार्पण कर दी श्रद्धांजलि**

**जय हिंद का नारा आज भी राष्ट्रीय गौरव की प्रेरणा देता है -मोहित रघुवंशी**



**नवभारत न्यूज**

**विदिशा,** नेताजी सुभाष चंद्र बोस की 129 वीं जयंती पर जिला कांग्रेस सेवा दल के कार्यकर्ताओ ने प्रतिमा स्थल पर फेली गंदगी की पहले सफाई कर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई.इस अवसर पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष मोहित रघुवंशी ने कहा की सुभाषचंद्र बॉस प्रभावशाली वक्ता और दूरदर्शी नेता थे जिन्होंने देश के लिए सब कुछ न्योछावर कर दिया। सुभाष चंद्र बोस द्वारा गठित आज़ाद हिंद फौज और जय हिंद का नारा आज भी राष्ट्रीय गौरव की प्रेरणा देता है.पूर्व सांसद प्रतापभानु शर्मा ने नेताजी को याद करते हुए कहा की सुभाष चंद्र बोस एक महान भारतीय क्रांतिकारी थे जिन्होंने तुम मुझे खून दो मैं तुम्हें आजादी दूंगा का नारा दिया और आज़ाद हिंद फ़ौज का गठन कर भारत की स्वतंत्रता के लिए संघर्ष किया. इस मौके पर रवि साहू , अनुमा आचार्य रामराज सिंह दांगी,अर्पित उपाध्याय ने संबोधित किया. इस दौरान रणधीर सिंह ठाकुर , आशीष महेश्वरी,पर्वत सिंह गौड, जीतेन्द्र तिवारी, ब्रजेन्द्र वर्मा , राजकुमार पासी,शैलेन्द्र रघुवंशी, बाबू पाल, गोलू रघुवंशी , गोविंद भार्गव ,शैलेन्द्र दांगी, राजेश रघुवंशी , संतोष सक्सेना सहित आनेक कांग्रेस जन शामिल थे. उक्त जानकारी जिला कांग्रेस मिडिया प्रभारी सुशील शर्मा ने दी.

## सड़क सुरक्षा सप्ताह के तहत ट्रैक्टर-ट्रॉलियों पर लगाए गए रेडियम

**नवभारत न्यूज**

**विदिशा,** सड़क सुरक्षा माह 2026 के अंतर्गत सड़क सुरक्षा,जीवन रक्षा अभियान के तहत मिर्जापुर स्थित नई गल्ला मंडी परिसर में शुक्रवार को विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया.इस दौरान ट्रैक्टर-ट्रॉलियों पर रेडियम लगाए गए, जिससे रात के समय वाहनों की दृश्यता बढ़े और सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सके. शुरुआत पुलिस अधीक्षक रोहित कसवानी एवं कलेक्टर अंशुल गुप्ता द्वारा ट्रैक्टर-ट्रॉलियों पर स्वयं रेडियम लगाकर की गई. इस अवसर पर अधिकारियों ने किसानों और वाहन चालकों को सड़क सुरक्षा नियमों के पालन के प्रति जागरूक किया. उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में ट्रैक्टर-ट्रॉली से होने वाली दुर्घटनाओं का प्रमुख कारण रात्रि में वाहनों का स्पष्ट रूप से दिखाई न देना है, जिसे रेडियम लगाकर काफी हद तक रोका जा सकता है. यातायात प्रभारी आशीष राय ने जानकारी देते हुए बताया कि सड़क सुरक्षा माह के दौरान जिलेभर में जागरूकता अभियान, चालानी कार्रवाई तथा सुरक्षा उपकरणों का वितरण किया जा रहा है. उन्होंने किसानों से अपने वाहनों में रेडियम, इंडिकेटर एवं अन्य आवश्यक सुरक्षा उपकरण अनिवार्य रूप से लगवाने की अपील की.कार्यक्रम में अनाज संघ के अध्यक्ष राधेश्याम महेश्वरी, मंडी समिति के पदाधिकारी, बड़ी संख्या में किसान एवं यातायात पुलिस बल मौजूद रहा. आयोजन का मुख्य उद्देश्य सड़क दुर्घटनाओं को कम करना और आमजन को सुरक्षित यातायात के प्रति जागरूक करना रहा.

# मुख्यमंत्री कन्या विवाह- निकाह योजना अंतर्गत सामूहिक विवाह



**नवभारत न्यूज**

**बासौदा/विदिशा,** मुख्यमंत्री कन्या विवाह / निकाह योजना के अंतर्गत जनपद पंचायत बासौदा द्वारा नवीन कृषि उपज मंडी, कजना पठार गंजबासौदा में आयोजित सामूहिक विवाह एवं निकाह कार्यक्रम गरिमामय वातावरण में सम्पन्न हुआ.कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती गीता कैलाश रघुवंशी उपस्थित रहीं.इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती रघुवंशी ने नवविवाहित वर-वधुओं को आशीर्वाद प्रदान करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री कन्या विवाह / निकाह योजना प्रदेश सरकार की एक महत्वाकांक्षी एवं संवेदनशील योजना है, जो सामाजिक समानता, नारी सशक्तिकरण एवं बेटियों के सम्मान को सुदृढ़ करती है. यह योजना आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के लिए संबल बनकर बेटियों के सुखद भविष्य की नींव रख रही है.जिला पंचायत अध्यक्ष ने सभी नवदंपत्तियों को वैवाहिक जीवन की शुभकामनाएँ देते हुए उनके सुखमय एवं समृद्ध दांपत्य जीवन की कामना की.कार्यक्रम में केंद्रीय कृषि मंत्री, विधायकगण, जनप्रतिनिधिगण, जिला एवं जनपद प्रशासन के अधिकारीगण तथा बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे.

**:: विज्ञप्ति ::**

क. 01. लईक खां उर्फ छोटे खां पुत्र श्री रसीद खां निवासी वार्ड क. 07 भागीरथ गली सिरोंज का निवासी है। उनके स्वत्व का मकान जिसका क्षेत्रफल 864.611 वर्गफिट स्थित कस्वा सिरोंज के स्थित मोहल्ला गली वहीद खां वार्ड क्र. 07 में मकान नं. 220/231 अनुक्रम पंजी क 247 पर दर्ज है। जिसको लईक खां ने अपनी पत्नि कल्लो बी के नाम सह-स्वामित्व दस्तावेज MP42IGR18912025 A101144414 दिनांक 15.12.2025 को करा लिया है। यह कि उक्त मकान पर दोनों पर AU SMALL BANK शाखा गंज बासौदा से लोन ले रहे है एवं दोनों के द्वारा बंधक बिलेख बैंक के पक्ष में कराया गया है। अगर किसी को उक्त मकान से संबंधित किसी वारिसान या उत्तराधिकारी को किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति है तो आपत्ति मेरे कार्यालय में सात दिवस के अंदर दर्ज करा सकते है। कृपया सूचित हो।

भवदीय,
**नरेन्द्र दांगी-एडवाकेट**
किरी मोहल्ला विदिशा,
मो. नं. 9589780955

## सेमरखेड़ी में बसंत मेला महोत्सव में देशभर से पहुंचे हजारों श्रद्धालु



**नवभारत न्यूज**

**सिरोंज,** श्री तारण तरण अतिशय तीर्थक्षेत्र तपोभूमि दीक्षा स्थली निसई जी सेमरखेड़ी में आयोजित किये जा रहे बसंत मेला महोत्सव में शुक्रवार को देशभर से हजारों की संख्या में श्रद्धालु पहुंचे. इस दौरान दीक्षार्थियों के दीक्षा संस्कार भी संपन्न हुए. वही ध्वजारोहण एवं श्री जिनवाणी जी अस्थाप समारोह का भी आयोजन किया गया.

जानकारी के अनुसार महान आध्यात्मवादी संत परम पूज्य सद्गुरु श्रीमद् जिन तारण तरण मंडलाचार्य जी महाराज की तपोभूमि श्री तारण तरण अतिशय तीर्थक्षेत्र तपोभूमि, दीक्षा स्थली निसई जी सेमरखेड़ी में तीन दिवसीय रत्नत्रय श्री जिनवाणी जी अस्थाप, कलशारोहण, वेदी सूतन, तिलक महा महोत्सव एवं सम्यक संयम दीक्षा महा महोत्सव, वेदी प्रतिष्ठा बसंत मेला महोत्सव का आयोजन 23 से 25 जनवरी तक किया जा रहा है. जिसका शुक्रवार को शुभारंभ हुआ. कार्यक्रम को लेकर समिति द्वारा व्यापक तैयारियां की गई है. इस दौरान शुक्रवार को प्रात:काल सामायिक ध्यान एवं प्रभातफेरी का आयोजन किया गया. सेमरखेड़ी में मंदिर परिसर में आयोजित प्रभातफेरी में श्रद्धालु भजन, कीर्तन करते हुए चल रहे थे. इसके उपरांत प्रात: काल मंत्रजप, श्री तारण त्रिवेणी जी पाठ एवं भाव पूजा संपन्न हुई. वही प्रात:काल बसंत पंचमी के मौके पर दीक्षार्थियों के दीक्षा संस्कार भी संपन्न हुए. जिसमें बाल ब्रह्मचारी वैराग्य भैया जी ने सप्तम ब्रह्मचर्य प्रतिमा की दीक्षा धारण की. वही एक दंपति ने युवावस्था में ही आजीवन ब्रह्मचर्य व्रत तथा एक दीदी ने आजीवन अखंड बाल ब्रह्मचर्य व्रत का संकल्प लिया. वहीं प्रात:काल श्री मंदिर विधि के उपरांत ध्वजारोहण एवं अस्थाप के महत्व पर मंगल प्रवचन हुए. वही ध्वजदान प्रभावना, आरती समवशरण मंडप एवं ध्वजारोहण का कार्यक्रम संपन्न हुआ. इस दौरान मंदिर के शिखर पर ध्वज स्थापित किया गया. वहीं दोपहर में श्री वृहद मंदिर विधि जी तथा श्री जिनवाणी की अस्थाप समारोह संपन्न हुआ. जिसमें बड़ी संख्या में देशभर से हजारों श्रद्धालु शामिल हुए. वहीं सायंकाल आरती, भक्ति, स्तुति एवं प्रवचन संपन्न हुए. तथा रात्रि में विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया.

श्री जिनवाणी जी पालकी शोभायात्रा, कलशारोहण आज

बसंत मेला महोत्सव के दौरान शनिवार को श्री जिनवाणी जी पालकी शोभायात्रा एवं कलशारोहण समारोह का आयोजन किया जावेगा. इस अवसर पर प्रात्:काल सामायिक ध्यान, प्रभातफेरी, मंत्रजप, श्री तारण त्रिवेणी जी पाठ, भाव पूजा तथा श्री वृहद मंदिर विधि जी के उपरांत पालकी जी का उद्देश्य, कलशारोहण के महत्व पर मंगल प्रवचन होंगे. वहीं मंगल कलशों की दान प्रभावना के उपरांत दोपहर में श्री जिनवाणी जी की पालकी शोभायात्रा निकाली जावेगी. एवं कलशारोहण समारोह का आयोजन किया जावेगा. इस दौरान मंदिर के शिखर पर कलश विराजमान किए जावेंगे. वहीं सायंकाल आरती, भक्ति, स्तुति एवं प्रवचन होंगे. तथा रात्रि में भजन संध्या का आयोजन किया जावेगा.

# विद्या ब्राह्मी कल्प का एक लाख लोगों से ऊपर को कराया सेवन



**नव भारत न्यूज.**

**विदिशा,बसंत पंचमी के मौके पर शुक्रवार को भारतीय संस्कृति में ज्ञान की देवी सरस्वती की पूजन और वंदना के साथ प्रारंभ होता है,वहीं भारतीय चिकित्सा का प्राण आयुर्वेद के अनुसार ब्राह्मी के सेवन का नियोग है,जो कि मनुष्य के ज्ञान की वृद्धि करने वाली औषधि है उपरोक्त उदगार निर्यापक श्रमण मुनि श्री संभवसागर महाराज ने सुबह संत शिरोमणि आचार्य गुरुदेव श्री विद्यासागरजी महामुनिराज के द्वितीय समाधि दिवस की पूर्व बेला में स्वर्ण प्राशन कार्यक्रम के उपरांत द्वितीय चरण का शुभारंभ करते हुये व्यक्त किये.**

इस अवसर पर विधायक मुकेश टंडन ने मुनि संघ के चरणों में नमोस्तु अर्पित करते हुये कहा कि में अपने आपको सौभाग्यशाली मानता हूं कि मुझे पूज्य गुरुदेव आचार्य श्री विद्यासागरजी महाराज का आशीर्वाद मिला और आपका भी आशीर्वाद मिल रहा है.उन्होंने कहा कि एक समय था कि हमारे यहां की सरकारें पश्चिमी देशों के अनुसरण से चला करती थी लेकिन आचार्य भगवन् के आशीर्वाद के उपरांत जो सरकार बनी उसमें हम गर्व के साथ कह सकते है कि आचार्य भगवन् विद्यासागर जी महाराज ने जो भी प्रकल्प शुरु किये वह सारे के सारे प्रकल्पों में सहयोग मध्यप्रदेश और केंद्र की सरकारें कर रही है,आचार्य गुरुदेव ने स्वदेशी वस्तुओं तथा व्यसनमुक्त समाज का आव्हान किया. कुटीर उद्धोग एवं गौ शाला खोलने में सरकार तत्पर है तथा सुविधाएं प्रदान कर आचार्य भगवन् विद्यासागरजी द्वारा बताये मार्ग का अनुसरण कर रही है. .प्रवक्ता अविनाश जैन ने बताया विदिशा नगर के समस्त 140 स्कूलों तथा आंगनवाड़ी के माध्यम से एवं नगर के सभी चौराहे पर आम जनता के लिये विद्याब्राह्मी कल्प को टेंट लगाकर सेवन कराया गया

**सेंटमेरी में मनाई बसंत पंचमी एवं सुभाष चंद बोस जयंती**

सेंट मैरी पीजी कॉलेज एनएसएस इकाई ने संचालक फादर सिंटो के निर्देशानुसार बसंत पंचमी एवं सुभाष चंद्र बोस जयंती हर्षोल्लास के साथ मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जलन कर मनाई गई. मां सरस्वती की आराधना कर वसंत पंचमी के महत्व को बताया गया. साथ ही सुभाष चंद्र बोस जी के जीवन पर व्याख्यान किया गया. प्रो अरविंद द्विवेदी ने मां सरस्वती की आराधना के साथ वसंत ऋतु के आगमन के संबंध में जानकारी दी गई. सुभाष चंद्र बोस जी के कार्यों पर प्रकाश डाला गया. इसके साथ ही डॉ धीरेंद्र सचान ,डॉ रामानंद मिश्रा, प्रो दीपा राठौर ने भी सुभाष चंद्र बोस (तुम मुझे खून दो में तुम्हें आजादी) के साथ एवं वसंत पंचमी के महत्व पर प्रकाश डाला. इस अवसर पर सिस्टर प्रभावती ,डॉ गिरिराज सिंह, प्रो राजेश कौशल, प्रो अजय सिंह राजपूत, प्रो राजकुमार, प्रो आचार्य, प्रो सचिन अग्रवाल, प्रो प्रशांत, योगेंद्र जाट ,लक्ष्मी नारायण प्रो रश्मि श्रीवास्तव, प्रो ममता कौशिक, प्रो वैशाली,डॉ संजना ,मोहित सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे.

### गायत्री शक्तिपीठ व प्रज्ञापीठ में संस्कारों एवं यज्ञों का आयोजन

बसंतपंचमी के पावन अवसर पर गायत्री शक्तिपीठ, राजीव नगर में पंचकुंडीय तथा गायत्री प्रज्ञापीठ में त्रिकुंडीय गायत्री महायज्ञ का आयोजन श्रद्धा एवं भक्ति भाव से सम्पन्न हुआ. इस अवसर पर जन्मदिवस संस्कार, विद्या आरंभ संस्कार, विवाह दिवस, मुंडन संस्कार एवं पुंसवन संस्कार विधिवत रूप से संपन्न कराए गए. दोनों पीठों पर सुबह 6 बजे से शाम 6 बजे तक अखंड गायत्री जप भी संपन्न हुआ. शाम के समय गायत्री प्रज्ञापीठ परिसर में दीपयज्ञ का भव्य आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में साधकों ने सहभागिता की.

### गंजबासौदा में भी बसंत पंचमी का पर्व मनाया धूमधाम से

बसंत पंचमी के पर्व पर नगर में मुख्यमंत्री कन्यादान योजना के तहत सामूहिक विवाह तथा निकाह का आयोजन कृषि उपज मंडी प्रांगण में रखा गया. इसी के साथ क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ पाठशाला प्रांगण में हुआ. सभी कार्यक्रमों में क्षेत्र के सांसद शिवराज सिंह चौहान उपस्थित थे विधायक हरि सिंह रघुवंशी,नपा अध्यक्ष शशि अनिल यादव, जनपद पंचायत अध्यक्ष नीतू देवेंद्र सिंह रघुवंशी कुरवाई विधायक हरि सिंह सप्रे के साथ भाजपा जिला अध्यक्ष, सभी ब्लॉकों के मंडल अध्यक्ष तथा भाजपा के पार्षद सरपंच आदि उपस्थित थे. सभी ने केंद्रीय मंत्री तथा क्षेत्र के सांसद शिवराज सिंह चौहान का स्वागत किया.भाजपा कार्यकर्ता नाचते गाते काफिले के साथ चल रहे थे बरेठ रोड पर मामा जिंदाबाद के नारे गूंज रहे थे अनेक कार्यकर्ता शिवराज सिंह चौहान की ओर मुखातिब होते हुए नारे लगा रहे थे.सांसद ने खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी और टीमों से परिचय लिया.

**अव्यवस्था**

**छात्रों की सुरक्षा के नाम पर बनी समस्या, प्रशासन-एनएच विभाग की चुप्पी सवालों के घेरे में**

# राष्ट्रीय राजमार्ग पर अवैज्ञानिक गतिआवरोधक से जनजीवन प्रभावित



**नवभारत न्यूज**

**सांची,सांची से होकर गुजर रहे राष्ट्रीय राजमार्ग पर सांदीपनि विद्यालय के समीप बनाए गए गतिआवरोधक अब प्रशासनिक लापरवाही का उदाहरण बनते जा रहे हैं.विद्यार्थियों की सुरक्षा के उद्देश्य से बनाए गए ये गतिआवरोधक तकनीकी मानकों की अनदेखी के चलते आसपास रहने वाले रहवासियों के लिए गंभीर समस्या बन गए हैं, लेकिन हैरानी की बात यह है कि अब तक न तो प्रशासन ने सुध ली है और न ही संबंधित विभाग ने कोई ठोस कदम उठाया है.**

राष्ट्रीय राजमार्ग से वाहनों का भारी दबाव होने के कारण पहले छात्रों को सड़क पार करने में खतरा बना हुआ था. विद्यालय प्रबंधन एवं अभिभावकों की मांग पर गतिआवरोधकों का निर्माण कराया गया, किंतु निर्माण एजेंसी द्वारा इन्हें बिना निर्धारित मानकों, रेडियम लाइनिंग एवं चेतावनी संकेतक बोर्ड के तैयार कर दिया गया.इसके बाद निर्माण एजेंसी ने अपनी जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ लिया, जबकि निगरानी करने वाले विभाग की भूमिका भी पूरी तरह सवालों के घेरे में है.दिन के समय तो इन गतिआवरोधकों से वाहनों की गति नियंत्रित हो जाती है, लेकिन रात्रि में अंधेरे के कारण ये वाहन चालकों को दिखाई नहीं देते. तेज रफ्तार वाहन जब इन पर से गुजरते हैं तो इतनी तेज आवाज होती है कि दुर्घटना का आभास होता है। स्थानीय लोग डर के मारे घरों से बाहर निकलने को मजबूर हो जाते हैं, वहीं छोटे बच्चे भयभीत हो जाते हैं. इसके बावजूद जिम्मेदार विभाग आंख मूंदे बैठे हैं.स्थानीय नागरिकों का आरोप है कि इन्हीं अवैज्ञानिक गतिआवरोधकों के कारण पहले भी दुर्घटनाएं हो चुकी हैं, लेकिन न तो राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण, न लोक निर्माण विभाग और न ही जिला प्रशासन ने मौके का निरीक्षण करना उचित समझा.गतिआवरोधक के सामने निवास करने वाले किसान संजीत वर्मा ने बताया कि दिनभर खेतों में मेहनत करने के बाद रात में भी चैन नहीं है.तेज आवाज से नींद उड़ गई है.प्रशासन को या तो इन्हें हटाना चाहिए या मानकों के अनुसार सुधार करना चाहिए.वहीं व्यापारी लाला राम साहू का कहना है कि रात में बार-बार तेज आवाज से दुर्घटना की आशंका बनी रहती है.कई बार बाहर निकलकर स्थिति देखनी पड़ती है.स्थानीय लोगों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि मामले की गंभीरता को देखते हुए तत्काल स्थल निरीक्षण कर जिम्मेदारी तय की जाए तथा या तो इन गतिआवरोधकों को हटाया जाए या राष्ट्रीय मानकों के अनुसार रेडियम मार्किंग, संकेतक बोर्ड एवं आवश्यक तकनीकी सुधार कराए जाएं.अब सवाल यह है कि प्रशासन समय रहते कार्रवाई करेगा या किसी बड़े हादसे के बाद जिम्मेदारी तय करने की औपचारिकता निभाएगा.